International Seminar on Water Management

2462. KUMARI CHANDRIKA PREMJI KENIA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an international seminar on water management was held recently in the country;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) how much coverage in urban water supply has been acheived so far and what steps are proposed to be taken and the time factor fixed to cover the cent per cent achievement?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRIMATI SHEILA KAUL): (a) Yes, Sir.

(b) A Seminar on Unaccounted for water Management was held at Hyderabad from 7 — 10 November, 1991 to disseminate, demonstrate and share the experiences on the inovative works carried out on leak detection technology, vis-a-vis, the principles, economics and cost benefit of unaccounted for water management. The seminar was attended by participants from some of the water supply and sanitation agencies in India neighbouring countries and international organisations.

(c) As per the information received from the State Government/UTs, the coverage of urban water supply was 83.81 per cent (provisional) as on 31-12-90. It is envisaged to cover 100 per cent of the urban population with drinking water supply by the end of the 8th Five Year Plan subject to availability of funds and the efforts necessary on the part of the State Governments/UTs and urban local bodies.

देश में सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण

2463. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार बलजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़ी संख्या में सिंचाई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और यदि हां तो गत तीन वर्षों के दौरान कितनी सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई ;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान कितनी सिंचाई परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं ;

(ग) ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जिन्हें मूल रूप से उपर्युक्त अवधि के दौरान पूरा किए जाने का लक्ष्य था परन्तु जिनकी निर्माण-अवधि को बढ़ाना पड़ गया है ; और

(घ) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा किए जाने को प्राथमिकता देने का निर्णय किया और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां । पिछले तीन वर्षों के दौरान 15 परियोजनाएं अनुमोदित की गयी थीं ।

(ख) सातवीं योजना के दौरान 169 परियोजनाएं पूरी की गयी थीं ।

(ग) सातवीं योजना के दौरान, 361 परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य था, जिसमें से 169 परियोजनाएं पूरी हो गयी हैं । शेष 192 परियोजनाओं को पूरा करने के कार्यक्रम को संशोधित किया जाना है ।

(घ) जी हां ।